## खबर संक्षेप

### वर्कर यूनियन ने की आंदोलन की घोषणा

**करनाल।** ऑल हरियाणा पॉवर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन की बैठक मंगलवार को बीटाइप रेस्ट हाउस में हुई, जिसकी अध्यक्षता यूनियन प्रधान अजीत सैनी ने की और संचालन सचिव जगमाल सिंह ने किया। राज्य उप महासचिव राजेंद्र राणा, राज्य सचिव सतीश मान और सर्कल सचिव विशाल बनवाला ने यूनियन के आगामी विरोध कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई को ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में सभी सब-यूनिट स्तर पर इसके प्रतियों को जलाया जाएगा।

### शहीद चन्द्रशेखर की जयंती 23 जुलाई को

**इंद्री।** शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जयंती 23 जुलाई को हर वर्ष की भांति ब्राह्मण धर्मशाला इंद्री में मनाई जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए भारत नवनिर्माण सेना हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष पंडित धर्मपाल शांडिल्य ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जयंती ब्राह्मण धर्मशाला इंद्री में 23 जुलाई को मनाई जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे हवन यज्ञ से की जाएगी व कार्यक्रम मे सभी शहीदों को पुष्प अर्पित कर नमन किया जाएगा ।

### प्रजापति समाज समारोह की सफलता पर खुश

**करनाल।** भिवानी में आयोजित गुरु दक्ष प्रजापति जयंती राज्य स्तरीय समारोह की सफलता पर प्रजापति समाज में उत्साह की लहर है। करनाल में समाज की ओर से



आयोजित बैठक में एसडीओ धर्मवीर आर्य ने समाज के विकास की दिशा में सरकार के सहयोग की सराहना की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व मंत्री रणवीर सिंह गंगवा ने समाज के लिए भूमि देने, सूक्ष्म उद्योग स्थापित करने हेतु 25 प्रतिशत सब्सिडी, व 2000 गांवों में खसरा नंबर सहित भूमि आवंटन जैसी घोषणाएं की हैं।

### भाविप ने चलाया 'गो ग्रीन अभियान'

**करनाल।** भाविप माधव शाखा द्वारा मंगलवार को राजकीय महिला महाविद्यालय परिसर में 'गो ग्रीन अभियान' के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की पहल महिला सहभागिता प्रमुख सुजाता गुप्ता ने की जबकि प्राचार्य डॉ. विवेक रंगा का इस आयोजन में विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर फ्लोरिडा, यूएसए से आए वरिष्ठ परामर्शदाता एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहित गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

### मानव उत्थान सेवा समिति लगाएगी एक लाख पौधे

**तरावड़ी।** आध्यात्मिक गुरु सतपाल महाराज की प्रेरणा से मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा पौधारोपण अभियान का शुभारम्भ किया गया। प्रदेश में मानव उत्थान सेवा समिति की ओर से एक लाख पौधे लगाने की शुरुआत करनाल से हुई। मानव उत्थान सेवा समिति के जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के नेतृत्व में सेक्टर-8, 9 ओर 32 में पौधे लगाए गए।

---

### नगर निगम कार्यालय के सामने दिया धरना, आयुक्त के रवैये पर जताया आक्रोश

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में हड़ताल पर रहे पालिका कर्मचारी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल**

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा से जुड़े करनाल नगर निगम के सफाई कर्मचारी मंगलवार को हड़ताल पर रहे। कर्मचारियों ने नगर निगम कार्यालय के बाहर एकत्र होकर नारेबाजी की और आयुक्त के 'अड़ियल रवैये' के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

धरने की अध्यक्षता इकाई प्रधान राम सिंह ने की तथा संचालन सचिव राजकुमार ने किया। संघ के नेताओं ने स्पष्ट किया कि निगमायुक्त द्वारा कर्मचारियों पर ऑनलाइन हाजिरी लगाने का दबाव बनाया जा रहा है, और कहा गया है कि जब तक हाजिरी ऑनलाइन नहीं होगी, तब तक वेतन नहीं मिलेगा।

**संघ की दो टूक चेतावनी**

राज्य उपप्रधान वीरभान बिड़लान और राज्य सचिव शारदा ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संघ ने पहले ही दो दौर की बातचीत में आयुक्त को साफ कर दिया था कि कोई भी दरोगा या सुपरवाइजर ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगाएगा। इसके बावजूद कर्मचारियों की सैलरी रोकी जा रही है, जो अस्वीकार्य है। उन्होंने बताया कि करनाल शहर स्वच्छता के मामले में देश में तीसरे और हरियाणा में पहले स्थान पर रहा है, जिसका श्रेय इन कर्मचारियों को जाता है, लेकिन इसके बावजूद वेतन को रोका जा रहा है। अन्य नगर निकायों में समान काम-समान वेतन की नीति लागू हो चुकी है, लेकिन करनाल में अब तक इसे लागू नहीं किया गया। प्रदर्शन में इंद्रजीत चनालिया, सुरेंद्र प्रोचा, विनोद प्रोचा, रमेश दादूपुर, राकेश अठवाल, अनिल चनालिया सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल रहे।

---

## रिटायर्ड कर्मचारी संघ का प्रदर्शन पेंशन व भत्तों में संशोधन की मांग



**वित्त विधेयक 2025 को बताया पेंशनभोगियों के खिलाफ, केंद्र सरकार को दी आंदोलन की चेतावनी**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल**

रिटायर्ड कर्मचारी संघ के आह्वान पर करनाल जिला के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने सोमवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर जिला सचिवालय तक विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला प्रधान बलराज सिंह ने किया जबकि जिला सचिव ओमप्रकाश सिहमार, बलवान सिंह, कृपाल सिंह व धीरज रावत भी उपस्थित रहे। सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। वक्ताओं ने कहा कि वित्त विधेयक 2025 के भाग-4 में प्रस्तावित संशोधन संवैधानिक मूल्यों व न्यायिक निर्देशों के विरुद्ध हैं। इससे लाखों पेंशनभोगियों की गरिमा पर आघात हुआ है।

**उनकी प्रमुख मांगों में शामिल हैं**

- कम्यूट राशि की कटौती 11 वर्षों तक सीमित हो
- 65 व 75 वर्ष की आयु पर पेंशन में क्रमशः 10 व 20% वृद्धि
- सभी अस्पतालों में मुफ्त इलाज
- 3000 मासिक मेडिकल भत्ता
- रेलवे व हवाई किराए में रियायत
- आठवें वेतन आयोग का गठन

---

## ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में यातायात नियमों पर विधिक जागरूकता शिविर



**बच्चों को सिखाया सड़क सुरक्षा व्यवहार**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 'रोड रूल्स, लाइफ टूल्स' अभियान के तहत जिला न्यायाधीश अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में विभिन्न ग्रामीण स्कूलों में जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। इस शिविर में डॉ. इरम हसन, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने बताया कि हालसा पंचकूला के निर्देशानुसार पूरे हरियाणा में इस अभियान के तहत विधिक जागरूकता फैलाई जा रही है। कुटेल, ऊंचा समाना, दहा जागीर और कम्बोपूरा के राजकीय स्कूलों में इंस्पेक्टर रोशन लाल, एसआई सुरेंद्र कुमार, पैरा लीगल वालंटियर पूजा, अज्ञा पाल, राजेशलता ने विद्यार्थियों को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान स्कूली स्टाफ और विद्यार्थियों को सड़क पार करने, ट्रैफिक सिग्नल, हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता जैसी बातों की जानकारी दी गई। स्कूल के बाहर चालान ड्राइव भी चलाई गई। साथ ही 13 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की जानकारी देकर लंबित चालानों व मुकदमों को निपटाने का सुझाव दिया गया।

---

## पीएनबी ने स्व. अमरजीत के परिजनों को 30 लाख रुपये का बीमा दावा सौंपा



**करनाल।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व और संवेदनशील बैंकिंग की परंपरा को निभाते हुए पीएनबी सैलरी पैकेज के अंतर्गत दुर्घटनाजन्य मृत्यु बीमा दावा के रूप में 30 लाख की राशि स्व. अमरजीत के नामित परिजन दलबीर जी (पिता) को सौंप कर मानवता और भरोसे का उदाहरण प्रस्तुत किया। स्व. अमरजीत, उपायुक्त कार्यालय करनाल में कार्यरत थे और उनका वेतन खाता पंजाब नेशनल बैंक में संचालित था। दुर्भाग्यवश उनकी असमय मृत्यु ने परिवार को गहरे शोक में डुबो दिया। इस कठिन समय में पीएनबी ने आर्थिक सहायता देकर परिवार को संबल प्रदान किया। बैंक की ओर से दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की गई।

---

# घोटालेबाजों को भाजपा दे रही संरक्षण

**पूर्व विधायक ने स्मार्ट सिटी और कुर्सी घोटाले को लेकर साधा निशाना, कानून-व्यवस्था पर उठाए सवाल**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल**



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक शमशेर सिंह गोगी ने मंगलवार को करनाल में पत्रकार वार्ता करते हुए भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार और प्रशासनिक विफलताओं के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार घोटालेबाजों को संरक्षण दे रही है और जनता के मुद्दों से मुंह मोड़ चुकी है।

गोगी ने असंध में कुर्सी घोटाले का जिक्र करते हुए कहा कि 46 लाख रुपये के टेंडर में 50 किलो की कुर्सियों की आपूर्ति तय थी, लेकिन 32 किलो की कुर्सियाँ दी गईं। उन्होंने यह मुद्दा एक माह पूर्व उठाया था, पर अभी तक जांच नहीं हुई। उन्होंने करनाल के स्मार्ट सिटी घोटाले की ओर भी ध्यान आकर्षित किया और कहा कि उन्होंने इस विषय को विधानसभा में उठाया था और तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जांच के आदेश दिए थे, लेकिन आज तक जांच शुरू नहीं हुई।

**आरोपों की बौछार:**

उन्होंने बताया कि उनके घर के सामने तीन महीने से गंदगी के ढेर लगे हुए हैं, सफाई कर्मचारी नहीं आ रहे, जिससे 'स्वच्छ करनाल' की सच्चाई उजागर होती है। गोगी ने बताया कि हरियाणा में बीपीएल परिवारों के नाम बिना वजह काट दिए गए हैं। किसानों को समय पर खाद-पानी नहीं मिल रहा, डीएपी खाद के लिए लंबी लाइनें लगी हैं।इस मौके पर कांग्रेस नेता राजेंद्र कल्याण, ललित बुटाना, प्रदीप शर्मा, रजत लाठर, जतिन अग्रवाल व अन्य मौजूद रहे।

---

### गणित ओलंपियाड का पहला चरण संपन्न

**करनाल।** जिले के छात्रों में गणित विषय के प्रति रुचि व प्रतिस्पर्धा भावना को प्रोत्साहित करने हेतु शिक्षा विभाग द्वारा गणित ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया। जिला गणित विशेषज्ञ सुमित मान ने बताया कि 14 जुलाई को ब्लॉक स्तर पर कक्षा 7वीं से 11वीं तक के विद्यार्थियों की परीक्षा ली गई थी, जिसमें करनाल जिले से कुल 1450 विद्यार्थियों ने भाग लिया। खंडवार आंकड़ों के अनुसार, निसिंग से 245, असंध से 320, घरौंडा से 245, नीलोखेड़ी से 262, इंद्री से 206 व करनाल खंड से 172 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।

- **1450 विद्यार्थियों ने लिया भाग, परिणाम आज होगा घोषित**

---

## श्री राम मंदिर में सावन माह के तहत भजन संध्या व विशेष पूजा का आयोजन

**श्रद्धालुओं ने गंगाजल से किया भोलेनाथ का अभिषेक, भजनों से गूंजा मंदिर परिसर**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल**



सेक्टर-8 स्थित श्री राम मंदिर में सावन माह के अवसर पर जारी धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला में पांचवे दिन विशेष पूजा-अर्चना व भजन संध्या का आयोजन श्रद्धा व उल्लास के साथ किया गया। इस दिन के मुख्य यजमान त्रिपता खन्ना, नीरज कपूर, मिल्की, महेंद्र वासन व राजरानी रहे। कार्यक्रम की शुरुआत श्रद्धालुओं द्वारा गंगाजल से शिवलिंग का अभिषेक कर हुई। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, आक के पत्ते, तुलसी मंजरी, यज्ञोपवीत, गुलाल व फलों से भोलेनाथ को अर्पित कर पूजा की। इस दौरान मुरारी बत्रा ने अपने संबोधन में कहा कि 'महादेव का नाम छोटा अवश्य है, पर जपने से बड़े-बड़े कार्य संवर जाते हैं।'

भजन संध्या में अनु खट्टर ने "लहर-लहर लहराए रे झंडा बजरंगबली का..." भजन गाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वीना सेठ ने "झूम-झूम देखो नाचे वीर हनुमान..." भजन प्रस्तुत किया जबकि सुशील मदान ने "भोले तेरा दरबार एक खास अहमियत रखता है..." जैसे भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में अशोक मदान, वेद दुआ, रविंद्र बत्रा, अनिल, प्रीत सिंह, राजेश, सुनैना, अंजू बाला आदि मौजूद रहे।

---



**तरावड़ी।** कांवड़ शिविर को लेकर मंडल के सदस्यों की बैठक अध्यक्षता करते सुभाष गुप्ता, दुरगेश मित्तल व सदस्य।

## सावन की शिवरात्रि पर विशाल कांवड़ शिविर का आयोजन

**तरावड़ी।** ओम शिव शंकर सेवा मंडल की ओर से कांवड शिविर को लेकर एक बैठक का मंडी कार्यालय मे आयोजन किया गया । जिसकी अध्यक्षता मंडल के सरंक्षक सुभाष गर्ग ने की। इस मौके पर सभी मंडल पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मंडल के प्रधान दुर्गेश मित्तल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी सावन माह की शिवरात्रि के अवसर पर 21 और 22 जुलाई को मंडी गेट नः 1 दुकान नः 23 पर विशाल कांवड़ शिविर का आयोजन किया जायेगा। मंडल प्रधान मित्तल ने बताया कि इस शिविर मे कांवड़ियों के लिये भोजन प्रसाद, व्रत का भोजन, दवाईयां व रात को ठहरने का विशेष प्रंबध किया जायेगा। प्रधान ने सदस्यों की शिविर मे डयूटियां लगाई। इस मौके पर सुभाष गर्ग, दुगेश मित्तल, उपाध्यक्ष गौरव बंसल,प्यारा लाल, दुर्गेश मित्तल, बनवारीलाल काठपाल, मदन अरोड़ा, राजकुमार खुराना, मदन कक्कड़ आदि रहे।

---

## 'स्वावलंबी भारत अभियान' हुआ शुरू

**आईटी प्लेटफॉर्म से लाखों युवाओं को मिलेगा रोजगार, कृष्णा मंदिर में हुआ कार्यक्रम**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल**




स्वावलंबी भारत अभियान व स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को सेक्टर-14 स्थित श्री कृष्णा मंदिर में विशेष सभा आयोजित की गई। इस सभा में 'हर घर स्वदेशी, हर हाथ स्वावलंबी' का उद्घोष गूंजा।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आईटी तकनीकी प्रमुख राधेश्याम चोयल ने बताया कि एसबीए द्वारा विकसित बहुआयामी पोर्टल विश्व का अपनी तरह का पहला ईको सिस्टम होगा। इसके माध्यम से युवा सीधे नियोक्ताओं से जुड़कर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकेंगे।

**तकनीकी नवाचार और अनुभव**

राधेश्याम चोयल ने बताया कि वे 33 वर्षों से तकनीक क्षेत्र में कार्यरत हैं, अब तक 33 से अधिक तकनीकों को विकसित कर उन्हें पेटेंट करवा चुके हैं और 27 देशों को बेच चुके हैं। उन्होंने भारत के युवाओं से आत्मनिर्भर बनने की अपील की और कहा कि देश को मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का वैश्विक केंद्र बनाना लक्ष्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर रेनू बाला गुप्ता ने की। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, उद्योगपति जीबी मनचंदा, विजय सेतिया, सुरेश पुरी, सतीश चावला, डॉ. अशोक, श्रुति काम्बोज व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मेयर रेनू गुप्ता ने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने में स्वदेशी का अहम योगदान है।

---

## दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर, 114 बच्चों की हुई जांच



**करनाल।** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशानुसार ज्योत्सना मिश्रा की अध्यक्षता में स्थानीय नागरिक अस्पताल में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए विशेष मेडिकल शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में करनाल, निसिंग, असंध व घरौंडा खंड के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने अपने अभिभावकों और अध्यापकों के साथ भाग लिया। शिविर में डॉक्टरों की टीम ने बच्चों की मानसिक, शारीरिक और शैक्षणिक आवश्यकताओं की जांच की। उन्हें चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और सहायक यंत्रों व शिक्षण सामग्री के लिए अनुशंसा की गई। शिविर के आयोजन में समग्र शिक्षा के सहायक परियोजना संयोजक पवन कुमार, एबीआरसी युगल किशोर, ललित, लेखाकार अमित, विशेष शिक्षक अमित पंवार, सुरेश, सुरजीत, रेनू, सीमा, मीना, मीनाक्षी, शीतल, प्रमोद चहल का विशेष योगदान रहा।

---

## आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर संविधान हत्या विषयक प्रदर्शनी

**लोकतंत्र प्रहरियों की स्मृतियों को किया जीवंत**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल**




सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर स्थानीय लघु सचिवालय परिसर में /"संविधान हत्या/" विषय पर ऐतिहासिक जागरूकता प्रदर्शनी लगाई गई।

महापौर रेनू बाला गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए इसे लोकतंत्र के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 का वह दिन देश के लोकतंत्र पर धब्बा था जब नागरिक अधिकारों को कुचल दिया गया था।

उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी में आपातकाल के 21 महीनों की पीड़ादायक घटनाओं को छाया चित्रों और दस्तावेजों के माध्यम से दर्शाया गया है।

महापौर ने कहा कि जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे नेताओं ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया। महापौर ने करनाल को स्वच्छता सर्वेक्षण में तीसरा स्थान मिलने पर बधाई दी और कहा कि यह शहरवासियों की सामूहिक जागरूकता व सहभागिता का परिणाम है। 17 जुलाई को राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करना सभी के लिए गर्व का क्षण होगा।

---

### दो दिन में 74 चालान कर वसूले 55,500 रुपये

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर नगर निगम की सख्ती

**नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर शहर में चलाया सघन अभियान, रोजाना होगी जांच, जुर्माना 500 से 25 हजार तक**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल**



शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम करनाल ने सख्त कदम उठाए हैं। निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा के आदेश पर निगम की प्रवर्तन टीमों ने दो दिनों में 74 चालान करते हुए 55 हजार 500 रुपये जुर्माना वसूला है। इसके साथ ही लगभग 10 किलोग्राम प्रतिबंधित सामग्री, जैसे पॉलीथिन बैग, डिस्पोजेबल कप, प्लेटें, गिलास व चम्मच आदि जब्त की गईं।

**कार्रवाई के दौरान जब्त सामग्री और टीम की भूमिका:** इस अभियान में नगर निगम की चारों जोन की टीमों ने संबंधित क्षेत्रों में जाकर निरीक्षण किया और जहां भी नियमों का उल्लंघन पाया गया, वहां मौके पर ही चालान किए गए। प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान सफाई निरीक्षक मनदीप सिंह, संदीप कुमार व ऊषा रानी, सहायक सफाई निरीक्षक गुलाब सिंह, ट्रीगर मास्टर गुरदेव सिंह, तथा स्वच्छ भारत मिशन टीम से दीपमाला, महेन्द्र व कुलदीप शामिल रहे।

**विकल्प व जनजागरूकता**

डॉ. शर्मा ने बताया कि नगर निगम द्वारा पहले ही बाजारों में सूचना, शिक्षा और संचार (IEC) गतिविधियों के माध्यम से दुकानदारों को जागरूक किया जा चुका है। उन्हें कंपोस्टेबल कैरीबैग और अन्य वैकल्पिक वस्तुओं की जानकारी दी गई है। साथ ही, कई बार थोक विक्रेताओं के साथ बैठकें की गईं और शहर में मुनादी भी करवाई गई।

**जुर्माने का पूरा प्रावधान**

निगमायुक्त ने जानकारी दी कि प्रतिबंधित प्लास्टिक पाए जाने पर जुर्माने की दरें तय कर दी गई हैं, जो इस प्रकार हैं:

100 ग्राम तक: 500
101 ग्राम से 500 ग्राम तक: 1,500
501 ग्राम से 1 किलोग्राम तक: 3,000
1 किग्रा से 5 किग्रा तक: 10,000
5 किग्रा से 10 किग्रा तक: 20,000
10 किग्रा से अधिक: 25,000

## खबर संक्षेप

### हरियाणा के नए राज्यपाल को यशपाल मलिक ने दी बधाई

**पानीपत।** नार्थ इंडिया एंटी करपशन एण्ड क्राईम प्रीवेंशन आग्रेनाईजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक ने असीम कुमार घोष को हरियाणा का राज्यपाल बनाए जाने पर जहां उनका स्वागत किया है। वहीं उनको बधाई देते हुए अपने संगठन के लिए नशे व भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सहयोग की उम्मीद भी जताई है।

### अवैध पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने डिकाडला रोड पर एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान डिकाडला गांव निवासी सुरेंद्र के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने दोस्तों में रौब जमाने के लिए उक्त देसी पिस्तौल कुछ दिन पहले गुड़ की रेहड़ी वाले अज्ञात युवक से 15 हजार रुपये में खरीदी थी। पुलिस ने आज मंगलवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि सोमवार को उनकी एक टीम गश्त के दौरान हथवाला रोड पर थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक डिकाडला गांव की ओर से पैदल आ रहा है। युवक के पास अवैध हथियार होने की संभावना है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने डिकाडला रोड पर नाकाबंदी कर डिकाडला गांव की ओर से आने वाले एक युवक काबू कर तलाशी ली तो उसकी जींस की जेब से देसी पिस्तौल 32 बोर बरामद हुई। इस बारे थाना समालखा में मामला दर्ज कराया गया है।

### उधार पर सामान नहीं देने पर गोली चलाने का आरोप

**पानीपत।** पानीपत में उधार पर कोल्ड ड्रिंक और चिप्स न देने पर एक युवक भड़क गया। वह अपने साथियों के साथ पहुंचा और युवक को पैसे देने के बहाने बाहर बुलाया। इसके बाद उसने गोली चला दी। हालांकि फायरिंग में युवक बाल.बाल बच गया। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। वहां काफी देर तक हंगामा होता रहा। ग्रामीणों ने युवकों से पिस्टल छीनकर उन्हें अलग किया। इसके बाद युवक एक बार और फायरिंग करते हुए फरार हो गए। चांदनी बाग थाने में पुलिस ने दुकानदार के पिता की शिकायत पर युवकों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। निंबरी गांव के रहने वाले बलिंद्र ने बताया कि मेरी गांव में घर के बाहर ही किराना की दुकान है। 14 जुलाई की शाम को मैं किसी काम से बाहर गया हुआ था। मेरी गैरमौजूदगी में 18 वर्षीय बेटा रजत दुकान पर बैठा था। शाम के 7 बजे के करीब गांव का ही विकास उर्फ विक्का दुकान पर आया। बलिंदर ने कहा कि विक्का ने रजत से कोल्ड ड्रिंक, सिगरेट, चिप्स और अन्य सामान मांगा। रजत ने पिताजी के बाहर होने की बात कह कर उधार देने से मना कर दिया। इसके बाद विक्का वहां से चला गया तथा दोबारा 2 कारों में सवार होकर अपने साथियों के साथ आया। विक्का ने रजत को पैसे देने के बहाने दुकान से बाहर बुलाया। रजत के बाहर आते ही विक्का ने उस पर गोली चला दी। हालांकि इसमें रजत बाल.बाल बच गया। वहीं बलिंद्र ने बताया कि आरोपी विकास उर्फ विक्का पर पहले भी एक हत्या का मामला चल रहा है। उसने ये हत्या 2 साल पहले बापौली थाना क्षेत्र में शराब ठेके के बाहर की थी।

### हवन रोकने का सरपंच को कोई अधिकार नहीं : कुलदीप राठी

# आर्य समाजियों पर हमले के आरोपियों पर कार्रवाही की मांग को इनेलो ने सौंपा ज्ञापन

■ अधिकारी ने उनको आश्वासन दिया कि ज्ञापन को शीघ्र राज्यपाल महोदय को भेज दिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

गांव बापौली में आर्य समाज मंदिर में यज्ञ कर रहे आर्य समाजियों पर सरपंच पति व उसके समर्थकों द्वारा मंदिर में घुसकर मारपीट करने वालों पर कार्रवाही की मांग को लेकर इनेलो द्वारा पार्टी जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी के नेतृत्व में आज उपायुक्त की अनुपस्थिति में समाज कल्याण अधिकारी जयपान हुड्डा को हरियाणा के राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि सरपंच पति एवं उसके समर्थकों द्वारा आर्य समाज मंदिर में यज्ञ करने वाले लोगों पर इस तरह से हमला करना सरासर गलत है और हैरानी है कि पुलिस की मौजूदगी में ऐसा किया गया। इस हमले में यज्ञ करने वाले कई लोग घायल हुए हैं और दो की हालात अभी गंभीर बताई जा रही है। आर्य समाज मंदिर में जब रविवार को हवन किया जाता है तो सरपंच पति को उसको रोकने का कोई अधिकार नहीं है। इनेलो पार्टी इस ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल महोदय से मांग करती है कि मारपीट करने वाले जिन लोगों के खिलाफ पुलिस द्वारा केस दर्ज किया गया है पुलिस द्वारा उनको जल्द से जल्द गिरफ्तार कराकर सख्त कार्रवाई कराई जाए। वहीं अधिकारी ने उनको आश्वासन दिया कि ज्ञापन को शीघ्र राज्यपाल महोदय को भेज दिया जाएगा। इस अवसर पर समालखा हल्का प्रधान राजेश झटटीपूर, हल्का प्रधान इसराणा राजेन्द्र जागलान, पूर्व जिलाध्यक्ष हेमराज जागलान, सुरेश सहरावत, कृष्ण भोकर, धर्मवीर पाढा, सिकंदर रावल, जतिन मनोचा, महावीर नंबरदार, जय सिंह यादव आदि मौजूद रहे।



पानीपत। समाज कल्याण अधिकारी जयपान हुड्डा को ज्ञापन सौंपते इनेलो प्रधान कुलदीप राठी व अन्य। फोटो :हरिभूमि

# आर्यजनों पर किया हमला अमर्यादित व असहनीय



पानीपत। आर्य प्रतिनिधि सभा की बैठक में बोलते हुए वक्ता। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आज आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा की एक आपातकालीन बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा के महामंत्री उमेद शर्मा ने की। बैठक में गांव बापौली के आर्य समाज मंदिर में यज्ञ करते समय आर्यजनों पर हुए हमले की घोर निंदा की गई। उमेद शर्मा ने कहा कि आर्य समाज ने सदैव समाज से पाखंड, कुरीतियों और अंधविश्वास को दूर करने का कार्य किया है। यज्ञ जो कि शांति, पर्यावरण शुद्धि और लोककल्याण का प्रतीक है, उस समय हमला न केवल असंवैधानिक है बल्कि मानवीय मूल्यों के विरुद्ध भी है। गांव बापौली की सरपंच पति द्वारा किया गया यह कार्य अत्यंत निंदनीय, अमर्यादित एवं असहनीय है। वहीं बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने एकमत होकर इस घटनाक्रम को आर्य समाज के मूल सिद्धांतों पर सीधा हमला बताया और न्याय के लिए संघर्ष का संकल्प लिया। बैठक में विद्यालय के प्रधान वीरेन्द्र आय, उप प्रधान देवी सिंह, प्रबंधक रामपाल जागलान, राजेंद्र जागलान, जगदीश आर्य, सोहन आर्य, मा.सूरत सिंह, सोहन शर्मा, नायब सिंह, आचार्य अनुपम, जसवीर, रामनिवास आर्य एवं प्राचार्य मनीष घणघस मौजूद रहे।

# रिटायर कर्मचारियों ने डीसी कार्यालय के बाहर दिया धरना

■ सरकारी सुविधाओं से वंचित ना करे सरकार : शीशपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स फेडरेशन के आह्वान पर रिटायर कर्मचारी संघ जिला पानीपत ने उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना देकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान शीशपाल मलिक ने की और मंच का संचालन जिला सचिव भले राम शर्मा द्वारा किया गया। धरने को संबोधित करते हुए राज्य के वरिष्ठ उप प्रधान बलवान सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा संसद में बिल पास किया गया है। जिसके तहत 31 दिसबंर 2025 तक के रिटायर कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग का लाभ देने से वंचित रखने का प्रावधान है। आज इस बिल के विरोध में पूरे भारत वर्ष में उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना दिया जा रहा है। बलवान सिंह ने कहा कि 17 सितंबर को जंतर मंतर में धरना देकर अपना विरोध दिखाएंगे। सरकार सरकारी सुविधाओं से वंचित ना करे। इस अवसर पर पुलिस रिटायर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सत्यवान कादियान, मैकेनिकल यूनियन से नीरज शर्मा, सर्व कर्मचारी संघ के प्रधान अमरीश त्यागी, राज्य संगठन के सचिव प्रीतम रावल, वरिष्ठ प्रधान ईश्वर शर्मा, रामभज शर्मा, मा.सुरेंद्र सिंह , दिलावर सिंह, का. दरियाव सिंह, सुनील दत्त, सुरेंद्र मलिक, कश्मीर सिंह, नरेश कुमार, जितेंद्र सैनी, सीताराम, ओमप्रकाश, दिलावर राठी, सुलतान देशवाल, मदन रावल, ईश्वर सिंह, कृष्ण कुमार, जय भगवान व रामकुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।



पानीपत। रिटायर कर्मचारियों के धरने को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो :हरिभूमि



पानीपत। आईटीआई में पहुंचने पर सुखबीर मलिक का स्वागत करते आयोजक ।

## आईटीआई में विश्व युवा कौशल दिवस पर सुखबीर मलिक रहे मुख्य अतिथि

**पानीपत।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पानीपत में आज विश्व युवा कौशल दिवस मनाया गया। जिसमें टैक्सटाइल मशीन मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता व प्रसिद्ध उद्योगपति सुखबीर सिंह मलिक मुख्य अतिथि रहे। इनके साथ उद्योगपति प्यारे लाल गुप्ता, राजकुमार मुंडे, होशियार सिंह व राजबीर ने भी विश्व युवा कौशल दिवस पर आईटीआई के छात्रों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रधानाचार्य डॉ.कृष्ण कुमार ने गुलदस्ता भेंट कर मुख्य अतिथि सुखबीर सिंह मलिक का स्वागत किया। सुखबीर सिंह मलिक ने कहा कि युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कौशल विकास को बढ़ावा देना तथा संस्थानों और उद्योगों के बीच सहयोग को मजबूत करना। छात्रों द्वारा बनाया गया प्रोजेक्ट सोलर डस्टबिन प्रथम स्थान पर रहा। टूल एंड डाई व्यवसाय के छात्रों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट बेंच वाइस को दूसरा स्थान तथा स्टेनोग्राफर इंग्लिश व्यवसाय के छात्रों द्वारा बनाया गया प्रोजेक्ट तृतीय स्थान पर आया। मुख्य अतिथि सुखबीर मलिक ने अपनी तरफ से प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक विजेताओं को 1100-1100 रुपये तथा प्रतिभागियों को 500-500 रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अमरावती, कुलबीर सिंह, कृष्ण कुमार, रविंद्र सिंह, बलराज सिंह, संदीप कुमार, अंजू, सुमन व दिनेश आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### किसान भवन में वास्तु मेला आज से



पानीपत। पत्रकारों को जानकारी देते हुए अनिल शर्मा व अन्य। फोटो :हरिभूमि

**पानीपत।** जय श्री राम दिव्या वैदिक वास्तु विशेषज्ञ का कल मेला किसान भवन में लगेगा। उक्त जानकारी हरियाणा ब्राह्मण सुरक्षा कोर्स के अध्यक्ष अनिल शर्मा, एसबीएनएल परिवार के एमडी भगवत दयाल शर्मा व हिंदू सेना के अध्यक्ष जितेंद्र शास्त्री ने संयुक्त रूप से एक पत्रकार वार्ता किसान भवन में दी। उन्होंने बताया कि सभी भक्त तथा दुखी व्यक्तियों को अपने-अपने नक्शे लेकर सुबह 9 बजे किसान भवन में आ जाएं। जिसमें उनकी समस्या का समाधान बताया जाएगा। यह दिव्या दरबार प्रातः 9 से दोपहर 1 बजे तक 16,17 व 18 जुलाई तक चलेगा। जिसमें विश्व विख्यात ज्योतिष वैदिक आचार्य जितेंद्र प्रताप जी महाराज प्रतापगढ़ वाले आएंगे और लोगों को अद्भुत चमत्कारी बातें बताएंगे। यह दरबार निःशुल्क रहेगा कोई फीस नहीं ली जाएगी।

### जरूरतमंद को शिक्षा दिलाना ही उनका मकसद : कौर



पानीपत। विद्या पब्लिक स्कूल में बच्चे का दाखिला कराते हुए पूर्व मेयर अवनीत कौर।

**पानीपत।** गरीब परिवार सहायता समिति की ओर से एक बच्चे आज विद्या पब्लिक स्कूल की छठी कक्षा में दाखिला करवाया गया। समिति की सदस्य एवं पूर्व मेयर अवनीत कौर ने कहा कि यह कदम न केवल उसके उज्जवल भविष्य की नींव रखेगा बल्कि समाज में शिक्षा के महत्व को भी मजबूती देगा। इस कार्य में विद्या पब्लिक स्कूल का भी विशेष सहयोग रहा। जिनकी सहानुभूति और सकारात्मक सहयोग के लिए हम हृदय से आभार प्रकट करते हैं। जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा दिलाने का उनका यह अभियान निरतंर जारी रहेगा।

### तीन महीने तक पौधे की देखभाल कर रिपोर्ट दें विद्यार्थी




पानीपत। छात्रा श्रुति को पौधा भेंट करती प्रधानाचार्या सुमित्रा सांगवान।

**पानीपत।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजा खेड़ी में आज एक पेड़ माँ के नाम मुहिम के तहत प्रधानाचार्या सुमित्रा संगवान के नेतृत्व में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। स्कूल के इको क्लब इंचार्ज संजीव कुमार शास्त्री ने बच्चों को 700 पौधे वितरित किए। प्रधानाचार्या सुमित्रा सांगवान ने बताया कि यह पौधे बहरामपुर नर्सरी से लाए गए थे। बच्चे इन पौधों को अपने घर में या खेत में लगाकर उनकी अपने माता-पिता के साथ सेल्फी लेकर विद्यालय में भेजें और सही ढंग से पौधे की देखभाल करेंगे और हर तीन महीने में पौधे की रिपोर्ट देंगे। संजीव कुमार शास्त्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें हर दिन पौधे लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए। इस अवसर पर जितेंद्र कुमार, नवीन कुमार, जयदेव, मनोज, कर्मवीर, प्रमोद, वीरेंद्र, कृष्ण कुमार, वरुण कुमार, प्रदीप, दिनेश, अविनाश, सरोज, कुसुम, मधु, रूबी, पूजा, सुनीता, दिव्या व प्रवीन आदि मौजूद रहे।

# बुजुर्ग सम्मान समारोह के सहयोगी किए सम्मानित



पानीपत। सहयोगियों को सम्मानित करते रोहित गौतम व अन्य। फोटो :हरिभूमि

■ एडवोकेट सुरभि शर्मा के कार्यालय में लोगों को सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हुडा सेक्टर 12 स्थित एसडी विद्या मंदिर में गत 6 जुलाई को ब्राह्मण महासंघ हरियाणा द्वारा आयोजित बुजुर्ग सम्मान समारोह को सफल बनाने में सहयोग करने वालों को सम्मानित करने की कड़ी में आज आयोजकों द्वारा कुछ व्यक्तियों को बरसत रोड एडवोकेट सुरभि शर्मा के कार्यालय में सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वालों में गौड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान प्रवीण शर्मा, पंजाबी ब्राह्मण सभा के वरिष्ठ उप प्रधान लालचंद शर्मा, नवयुग ब्राह्मण सभा के प्रचार मंत्री पंकज शर्मा, पंजाबी ब्राह्मण सभा के कोषाध्यक्ष संजय शर्मा शामिल हैं। वहीं सम्मानित करने वालों में ब्राह्मण महासंघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौतम, संस्थापक एडवोकेट ऋतमोहन, वीरेंद्र शर्मा, सतीश शर्मा व हर्ष शर्मा शामिल रहे।

# नाबालिग विवाहिता के मां बनने से पानीपत एक बार फिर से चर्चाओं में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ पुलिस पर लगा लापरवाही बरतने का आरोप

पानीपत एक बार फिर से एक नाबालिग विवाहिता के मां बनने से चर्चाओं में है। हैरानी की बात है कि इस बाल विवाह की जानकारी संबंधित थाना पुलिस को भी थी उसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहीं मामले का पता लगने पर नारी तू नारायणी उत्थान समिति अध्यक्ष सविता आर्या लडक़ी के घर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। एकत्रित जानकारी के अनुसार शहर के एक क्षेत्र की रहने वाली तीन नाबालिग 10 साल, 13 साल व 15 साल जुलाई 2024 में घर से घूमने के बहाने निकली थी। तीनों को घर के बाहर सडक़ पर तीन नाबालिग लडक़े भी मिले थे। वे वहां से ट्रेन में बैठकर दिल्ली चले गए। जहां से देर शाम वापस घर लौटने लगे तो उन्हें देरी हो गई। जिसके चलते वे रात को वहीं पर रुके। रात रुकने के दौरान 15 साल की लडक़ी ने दिल्ली के बाजार से खरीदा हुआ सिंदूर अपने 17 वर्षीय नाबालिग प्रेमी से मांग में भरवाया। इसके बाद दोनों ने हमेशा पति-पत्नी की तरह रहने का वायदा किया। अगली सुबह वे सभी वापस पानीपत पहुंच गए। कुछ दिन बाद लडक़ी पड़ोस की एक महिला से सिर में मालिश करवा रही थी। इसी दौरान उक्त महिला ने उसके सिर के पिछले हिस्से में मामूली सिंदूर भरा देखा। जिस बारे में उसने लडक़ी की मां को बताया। जिसके बाद लड़की की मां ने आनन-फानन में एक ही दिन में बेटी की शादी यूपी के मुज्जफरनगर निवासी 34 वर्षीय युवक से कर दी थी। जहां से 20 दिन बाद वह भाग आई और अपने प्रेमी के साथ रहने लगी। लोकलाज के चलते लडक़े के परिजनों ने दोनों को दूसरे गांव में अलग कमरा दिलवाया। कुछ दिनों बाद लडक़ी ने रोटी नहीं बनाई, तो उसके पति ने उसे पीट दिया। लडक़ी ने ये बात अपने घर बताई तो उन्होंने लडक़े को पीटा। मामला पुलिस तक पहुंचा। जिसके बाद दोनों पक्षों में समझौता भी करवाया। 18 जून को लडक़ी के पेट में दर्द हुआ और उसने घर पर ही लडक़े को जन्म दिया। लेकिन प्री.मिचियोर डिलीवरी होने के कारण बच्चे को सिविल अस्पताल लाया गया। जहां से उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया। रोहतक पीजीआई में डॉक्टरों को पता लगा कि लडक़ी अभी नाबालिग है, जिसके चलते वहां से सूचना पानीपत पुलिस को दी गई है। वहीं जब परिजनों ने बच्चा लेना चाहा तो डॉक्टरों ने मामला संदिग्ध होने के चलते बच्चा देने से मना कर दिया। कहा कि कानूनी प्रक्रिया से ही बच्चे को दिया जाएगा। साथ ही कहा कि पुलिस बच्चे की मां को लेकर पीजीआई आए, तभी बच्चा दिया जाएगा। इस मामले का पता लगते ही नारी तू नारायणी उत्थान समिति अध्यक्ष सविता आर्या मौके पर पहुंची। जहां उन्होंने लडक़ी व उसके परिवार वालों से बातचीत की। जिसके बाद उन्होंने पुलिस के रवैये पर सवाल उठाया। कहा कि जब पुलिस को इस बारे में पहले ही पता था, तो आज तक इसमें कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। अब वह मामले के बारे में उच्च अधिकारियों से मिलकर कार्रवाई की मांग करेंगी।



पानीपत। विद्यार्थियों को पौधे वितरित करते हुए प्रधानाचार्या वीना खन्ना।

### अच्छे स्वास्थ्य के लिए वातवरण भी अच्छा रखना होगा: वीना

**पानीपत।** गांव नौल्था स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आज एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत प्रधानाचार्या वीना खन्ना की अध्यक्षता में स्कूल प्रागंण में जहां पौधरोपण किया गया। वहीं विद्यालय के 200 बच्चों को पौधे वितरित किए गए। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्या वीना खन्ना ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है। इंसान को अच्छे स्वास्थ्य के लिए वातवरण भी अच्छा रखना होगा और यह तभी होगा जब हम पौधे लगायेंगे तथा पेड़ बनने तक उनक देखभाल करेंगे। इस अवसर पर संगीत, रीना, डिंपल व बिजेंद्र आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### एसडीएम ने हरियाणा चैंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष विनोद धमीजा की उपस्थिति में किया प्रदर्शनी का शुभारंभ

# आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर लगी जन जागरूकता प्रदर्शनी

■ 6 जुलाई को समालखा उपमंडल के सचिवालय में प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आपातकाल लगाए जाने के 50 वर्ष पूर्ण होने पर सूचना, जनसम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा की ओर से पानीपत जिला सचिवालय परिसर में जन जागरूकता प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ एसडीएम पानीपत मनदीप कुमार ने हरियाणा चैबर आफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष विनोद धमीजा की उपस्थिति में किया। दिन भर सचिवालय में पहुंचे लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और आपातकाल के दौरान दी गई यातनाओं की जानकारी ली व लोकतंत्र के बचाव के लिए लोकतंत्र प्रहरियों की भूमिका का प्रदर्शनी में किया गया उल्लेख भी देखा। एसडीएम मनदीप कुमार ने बताया कि आपातकाल (25 जून 1975) भारतीय लोकतंत्र के काले अध्याय के 50 वर्ष पूरे होने पर प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। वहीं डीआईपीआरओ डा.सुनील बसताडा ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर आपातकाल के पीड़ितों को श्रद्धांजलि व सम्मान देने हेतु 16 जुलाई को समालखा उपमंडल के सचिवालय में प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।




पानीपत। प्रदर्शन का अवलोकन करते हुए एसडीएम मनदीप कुमार। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित

**बराड़ा।** डीएवी पब्लिक स्कूल में कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में साइंस, कॉमर्स और ह्यूमेनिटीज स्ट्रीम के लगभग 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बतौर काउंसलर ग़ज़ल अरोड़ा ने विद्यार्थियों को बदलते दौर में करियर के विभिन्न विकल्पों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि अब शिक्षा केवल डॉक्टरी और इंजीनियरिंग तक सीमित नहीं रही बल्कि 250 से अधिक ऐसे करियर विकल्प मौजूद हैं।

### कहानी सुनाओ प्रतियोगिता आयोजित

**बराड़ा।** शैमरॉक लिटिल फ्लावर स्कूल में 'कहानी सुनाओ प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शैम प्रेप सीनियर के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने रंग-बिरंगे प्रॉप्स (सहायक वस्तुओं) के माध्यम से अपनी कहानियों को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया, जिससे विद्यालय का वातावरण आनंदमय हो उठा। प्रतियोगिता में अविराज सिंह छाबड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सिदक खेत्रपाल और काशवी चौहान ने द्वितीय स्थान साझा किया, जबकि महप्रीत कौर और युतिका गेरा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

### पौधे लगाने के लिए किया प्रेरित

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत आज एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यवाहक कॉलेज प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क के दिशा-निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कॉलेज प्रांगण में स्टाफ सदस्यों और छात्राओं ने मिलकर पौधे लगाए तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क ने छात्राओं को पौधे वितरित किए। उन्हें अपने घर व आस-पास के क्षेत्रों में पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया

### चोरी की मोटरसाइकिल रखने वाला गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर क्षेत्र के रणजीत नगर रोड के पास से नाकाबंदी के दौरान बिना नंबर प्लेट के चोरी की मोटरसाइकिल रखने के मामले में पुलिस ने आरोपी विनोद कुमार को गिरफ्तार किया है। नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने वाहनों की चेकिंग के दौरान आरोपी विनोद कुमार को बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल सहित काबू किया था। बाद में आरोपी ने बताया कि उसने गांव मटहेड़ी से यह बाइक चोरी की है। इसी आधार पर उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया।

### अमृतवर्षा' कार्यक्रम का आयोजन बीस को होगा

**बराड़ा।** मुलाना के टंगैल रोड पर स्थित गुरु रविदास महाराज आश्रम में सतगुरु बचनदास महाराज की स्मृति में 'अमृतवर्षा कार्यक्रम' का आयोजन 20 जुलाई को बड़े श्रद्धा-भाव से किया जाएगा। मुख्य सेवादार महंत लक्ष्मी प्रकाश महाराज ने बताया कि ब्रह्मलीन महंत बचनदास चेरिटेबल सोसायटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुलाना ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में संगत शामिल होगी।

## रिटायर्ड कर्मचारी 17 सितंबर को जंतर मंतर पर प्रदर्शन करने को मजबूर

# डीसी कार्यालय पर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन, पेंशन वित्त विधेयक वापस लेने की मांग

### प्रदर्शनकारियों ने पीएम के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन, कई दूसरी मांगों का भी किया जिक्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना



**अंबाला।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते पेंशनर्स। फोटो :हरिभूमि

रिटायर्ड कर्मचारी संघ के आह्वान पर मंगलवार को जिला भर के पेंशनर्ज ने डीसी कार्यलय पर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी संसद में मार्च महीने में पास किए पेंशन वित्त विधेयक को वापिस लेने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारीयों ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को दिया। जिला प्रधान कुलदीप चौहान व सचिव दयाल सैनी ने कहा कि संसद में पारित वित्त विधेयक के भाग 4 से पेंशनभोगियो में बेचैनी है। यह संवैधानिक सिद्धांतों, न्यायिक जनादेशों व पेंशनभोगियो की गरिमा के साथ विश्वासघात करता है।विशेष रूप से आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के संदर्भ में यह संशोधन केंद्र सरकार को पेंशनभोगियों को भूत, वर्तमान और भविष्य तीन हिस्सों में वर्गीकृत करने का मनमाना अधिकार देता है। जबकि लंबे समय से देश के हर वेतन आयोग की रिपोर्ट का लाभ बिना किसी भेदभाव के कार्यरत कर्मियों के साथ ही सभी रिटायर्ड को भी मिलता रहा है। इसलिए केंद्र की मोदी सरकार कान खोल कर सुनले पेंशन के साथ कोई छेड़छाड़ या बदलाव किसी भी सुरत में बर्दाश्त नहीं होगा। संगठन के राज्य उप सचिव करनैल सिंह व दलबीर सोढ़ी ने कहा कि सरकार द्वारा पारित विधेयक से पेंशनर्ज में भारी गुस्सा है। जिसे भांपकर केंद्रीय वित्तमंत्री ने एक स्पष्टीकरण जरूर दिया कि संशोधन मौजूदा पेंशन में कोई बदलाव नहीं करेगा। परंतु इससे पेंशनर्ज की शंकाएं दूर नहीं होती क्योंकि संसद से विधेयक पास हो चुका है। इसलिए सरकार को यदि वास्तव में पेंशनर्ज के हकों की चिंता है तो विधेयक को बिना किसी देरी के संसद में वापिस लेना चाहिए। यदि सरकार ऐसा नहीं करती तो 17 सितंबर को देश भर के रिटायर्ड कर्मचारी जंतर मंतर पर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। पेंशनर्स ने सरकार के सामने पेंशन वित्त विधेयक 2025 वापिस लेने, पेंशन कम्यूटेशन की राशि को 15 साल की बजाए 11 साल तक काटे जाने, 65 वर्ष की आयु में 10% व 75 वर्ष की आयु में 20% पेंशन में बढ़ोतरी करने की मांग रखी।

# सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की


अंबाला। सहयोगी के निलंबन के विरोध में प्रदर्शन करते कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सब डिवीजन नंबर 2 में एलडीसी गुरविंदर के निलंबन के विरोध में यूनियन ने दूसरे दिन भी प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता उप प्रधान रोशन लाल ने की जबकि मंच संचालन सचिव गुरमीत सिंह ने संभाला। इस आंदोलन का नेतृत्व कर रहे सब यूनिट प्रधान बलवंत यादव ने बताया कि अधिकारियों द्वारा गुरविंदर के निलंबन का कारण यह बताया जा रहा है कि उन्होंने उपभोक्ता को नोटिस दिए बिना कार्रवाई कर दी जबकि पहले नोटिस देना जरूरी होता है। यूनियन ने इस कार्रवाई को अनुचित बताते हुए तुरंत निलंबन वापस लेने की मांग की है। यूनियन नेताओं ने कहा कि राइट टू सर्विस एक्ट के तहत मीटर पीडीसीओ के लिए सात दिन का समय तय है। अगर सात दिन में मीटर नहीं उतारा गया और खाता बंद नहीं किया गया तो कर्मचारियों को नोटिस दिया जाता है। यूनियन के मुताबिक रुटीन कार्यों में उपभोक्ताओं को पहले नोटिस नहीं दिया जाता। अगर मौके पर कोई उपभोक्ता मीटर उतारने का विरोध करता है तभी कार्रवाई रोक दी जाती है और बाद में नोटिस दिया जाता है। यूनियन ने स्पष्ट किया कि जिस मीटर को गुरविंदर ने हटाया उस पर किसी ने कोई विरोध नहीं किया। वह स्थान खंडहर था। आसपास का मकान भी गिरा हुआ था। गेट पर ताला लगा था जिससे साफ था कि वहां कोई रह नहीं रहा था। यूनियन ने इसे पूरी तरह से नियमों के अनुसार की गई कार्रवाई बताया और गुरविंदर का निलंबन रद्द करने की मांग दोहराई। बता दें कि अंबाला कैंट के बर्फखाना में 85 साल से रहे परिवार का मीटर उतारने के मामले में कार्रवाई हुई थी। ऊर्जा मंत्री अनिल विज के निर्देश पर एलडीसी गुरविंदर सिंह को निलंबित कर दिया गया था।

# कांवड़ यात्रा की वजह से हरिद्वार जाने वाला रूट किया डायवर्ट

- रुड़की व लक्सर से होकर बस चालकों को पहुंचना पड़ रहा है हरिद्वार, उत्तराखंड सरकार की ओर से रुट किए गए डायवर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कांवड़ यात्रा के चलते हरिद्वार जाने वाले रूट को उत्तराखंड सरकार की ओर से डायवर्ट कर दिया गया है। इसके कारण रोडवेज की बसों के चालकों को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। रोडवेज बस चालक पहले उत्तर प्रदेश फिर उत्तराखंड में परेशान हो रहे हैं। उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड प्रशासन की ओर से किए गए रूट डायवर्ट के कारण डिपो की बसें अंदर तक नहीं जा रही हैं। बसें कभी रूडकी बाइपास तो कभी वाया लक्सर से होते हुए हरिद्वार पहुंच रही हैं। पहले अंबाला डिपो की बसें उत्तरप्रदेश के सरसावा के अंदर बस स्टैंड तक जाती थी। इसके बाद यह बस सहारनपुर बस स्टैंड घंटाघर चौक पर रूकने के बाद छुटमलपुर, भगवानपुर, रूडकी, भादराबाद, ज्वालापुर होते हुए हरिद्वार पहुंचती थी। सावन माह में रोडवेज की बसें सरसावा से अंदर बस स्टैंड तक नहीं जा रही है। यह बसें सरसावा बाइपास से गागलहेडी, छुटमुलपुर शहर से भगवानपुर, रूडकी, भादराबाद, ज्वालापुर होते हुए हरिद्वार जा रही हैं। इसी तरह से वापसी में हरिद्वार से यह बस सिंह द्वार स्टैंड से वाया लक्सर, रूडकी बाइपास से भगवानपुर, छुटमलपुर होते सरसावा, यमुना नगर होते हुए अंबाला कैंट आ रही हैं। अंबाला कैंट बस स्टैंड से सुबह 6 बजकर 40 मिनट पर पहली बस यात्रियों को लेकर हरिद्वार के लिए रवाना होती है।

# फोस्टर पैरेंट्स बनने का मिलेगा मौका, बच्चे की परवरिश के लिए हर महीने मिलेंगे 4000 रुपये

### *महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से शुरू की गई है फोस्टर केयर सुविधा, तीन साल तक बच्चे की परवरिश का मिलेगा मौका*

- दंपती की आयु 35 वर्ष से अधिक हो। मानसिक और शारीरिक रूप स्वस्थ होने चाहिए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा फोस्टर केयर सुविधा शुरू की गई है। इस सुविधा के तहत एक या एक से अधिक बच्चे जो की बाल देखभाल संस्थानों में रह रहे हैं। गोद प्रक्रिया के लिए कानूनी रूप से मुक्त है। काफी समय से पोर्टल पर अपलोड होने के उपरांत भी किसी ने उन्हें गोद लेने हेतु रिजर्व भी नही किया है। न ही गोद लिया हैं। इस तरह के हार्डली प्लेसड इन एडॉप्शन श्रेणी के बच्चे या बच्चों को इच्छुक परिवार में अल्प समय अवधि (तीन वर्ष से अधिक नहीं) के लिए उसकी उचित देखभाल और उचित पालन पोषण और परिवारिक मुख्यधारा से जोडऩे लिए दिया जाता है। ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं या फिर कारागार में होने के कारण बच्चे का पालन पोषण करने में असक्षम हैं। दंपति जो फोस्टर पेरेंट्स बन सकते हैं वे दोनों भारतीय होने चाहिए। दोनों एक ही बच्चे को फोस्टर केयर में लेना चाहते हो। दोनों की आयु 35 वर्ष से अधिक हो। मानसिक और शारीरिक रूप स्वस्थ होने चाहिए।

बच्चे की मुलभुत सुविधाओ को बिना सरकारी मदद के भी पूरा करने में सक्षम हो वे बच्चे को फोस्टर केयर अवधि पूर्ण होने पर वापिस कार्यालय में भेजने में तैयार हों। उनका कोई भी किसी भी तरह का आपराधिक रिकॉर्ड न हों। परिवार बच्चे के किसी भी बाल अधिकार का हनन न किया हो। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए जिला बाल सरंक्षण अधिकारी , जिला बाल सरंक्षण इकाई में ईमेल के जरिए आवेदन करना होगा।

#### बच्चे का फॉलोअप भी लिया जाएगा

*जिला बाल सरंक्षण अधिकारी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत फोस्टर पेरेंट्स को विभाग द्वारा बच्चे के पालन पोषण हेतु 4000/- रुपये मासिक का भी लाभ दिया जाएगा। समय समय पर नियमों के अनुरूप विभाग द्वारा बच्चें का फॉलोअप भी लिया जाएगा। फोस्टर केयर एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें एक बच्चा अस्थायी रूप से किसी परिवार जो की उसके माता-पिता या परिवार से संबंधित नहीं है उसके साथ रहता है। वह परिवार ही उसकी देखभाल और उचित पालन-पोषण करता है जिस बच्चे के माता पिता उसका पालन, पोषण करने में सक्षम नहीं है। जो बच्चे बाल देखभाल संस्थानों में रह रहे हैं। गोद प्रक्रिया के लिए क़ानूनी रूप से मुक्त हैं। परंतु एक वर्ष से कैरिंग पर अपलोड होने पर भी किसी ने उन्हें गोद नहीं लिया है।*

### मेयर को अधिकारी नहीं दे रहे सम्मान

**अंबाला।** निगम की मेयर शैलजा सचदेवा के पति एडवोकेट संदीप सचदेवा ने अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए। साथ ही कार्यालय को लेकर भी अधिकारियों पर उंगली उठाई। उनका कहना कि मेयर अंबाला की प्रथम नागरिक है लेकिन अधिकारी प्रोटोकॉल के हिसाब से मान सम्मान नहीं दे रहे हैं। मेयर के पति और मनोनीत सदस्य संदीप सचदेवा के अनुसार यह सब राजनीतिक कारणों से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले कार्यालय के दो रास्ते थे लेकिन अब केवल एक ही रास्ता है। शहर की प्रथम नागरिक होने के बावजूद अधिकारी मेयर के प्रोटोकॉल का ध्यान नहीं रख रहे हैं। कार्यालय विवाद की शुरुआत शपथ ग्रहण के तुरंत बाद हुई जब मेयर को कार्यालय नहीं मिला। कार्यालय के उद्घाटन समारोह में भी विवाद देखने को मिला पूर्व मंत्री असीम गोयल और जिलाध्यक्ष मंदीप राणा भी कार्यक्रम में नहीं पहुंचे।

# मेडिटेशन हमें रियल सेल्फी खींचना सिखाता है: शैली

### विशेष युवा कौशल दिवस पर आयोजित शानदार कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** कार्यक्रम में बीके बहनों के साथ मौजूद युवा। फोटो :हरिभूमि

अंबाला छावनी के दयाबाग स्थित ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में विशेष युवा कौशल दिवस एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सेमिनार में युवाओं को स्वयंम को सक्षम बनाने के लिए मोटिवेट किया गया इसके साथ ही तकनीकी युग में स्वयं को साधनों का इस्तेमाल करते हुए इनमें फंसने से बचाना बताया गया।

राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने बताया कि बहुत तरह के स्किल हैं। इन सभी स्किल को स्वयं में समाने के लिए हमें एकाग्रता चाहिए। कोई भी काम को करते समय आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए हिम्मत और साहस होनी चाहिए। काम को दोबारा शुरू करने के लिए आत्म विश्वास चाहिए। किसी से कुछ सीखने के लिए आज्ञाकारिता चाहिए जो सिखाया गया उसे याद करने के लिए लर्निंग पावर का स्किल चाहिए। यह सारी चीज बाहर की नहीं है इसके लिए हमें अपने मन को मजबूत बनाना होगा हमारे अंतर्मन की इन शक्तियों को जागृत करने के लिए जो विधि ब्रह्माकुमारीज संस्था सिखाते हैं वह है मेडिटेशन। मेडिटेशन सिर्फ़ मन को शांत करने के लिए ही नहीं बल्कि इससे अंतर्मन की शक्तियां भी जागृत होती है। मोबाइल में जो हम सेल्फी खींचते हैं उसमें हमारा गुण हमें दिखाई देता है। यह तो आर्टिफिशियल सेल्फी हो गई जबकि मेडिटेशन हमें रियल सेल्फी खींचना सिखाता है। वक्ता ब्रह्माकुमार राकेश मेहता भाई ने बताया भारत यंगेस्ट कंट्री इन द वर्ल्ड है। अर्थात भारत में जो जनसंख्या है उसमें से लगभग 65% जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु के लोगों की है। युवाओं को कोई भी प्रकार के शॉर्टकट को अपने जीवन में अपनाने से अवॉइड करना है। डॉ. अनमोलिका ने बताया अपनी विशेषता अनुसार ही अपने करियर का चुनाव करने से ही हम जीवन में उन्नति पा सकते हैं। हमें अपने लक्ष्य को इतना महान बनाना है की उसे हासिल करने के लिए हमें मेहनत से पीछे नहीं हटना। सब जॉन निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने सबको अपने आशीर्वचन दिए। बीके सुनील भाई ने बहुत सुंदर गीत की प्रस्तुति दी। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रीती दीदी ने मन संचालन किया।

# एसडीजी पुस्तक वर्तमान समझ और नई संभावनाओं की खोज: सचदेवा



- कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने किया एस.डी.जी. पुस्तक का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने प्रो. (डॉ.) ए.आर. चौधरी, डॉ. मीनाक्षी सुहाग, डॉ. संजीव कादयान, सुखबीर सिंह, डॉ. नरेंद्र कुमार, श्रीमती रजनी देवी द्वारा सम्पादिक पुस्तक सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) वर्तमान समझ और नई संभावनाओं की खोज का विमोचन किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने पुस्तक के सम्पादको को बधाई देते हुए कहा कि यह संपादित खंड, सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) वर्तमान समझ और नई संभावनाओं की खोज, एक सामयिक अकादमिक प्रयास है जो हमारे ज्ञान को गहन करने और वर्तमान विमर्श की सीमाओं का विस्तार करने के लिए बहु-विषयक अंतर्दृष्टि, क्षेत्र-आधारित साक्ष्य और दूरदर्शी विचारों को एक साथ लाता है। पुस्तक के सम्पादक प्रो. एआर चौधरी ने बताया कि यह पुस्तक इंदु बुक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित है।

### राजमार्ग किनारे हुए कब्जों के खिलाफ कार्रवाई, नप ने किया सामान जब्त

**अंबाला।** राजमार्ग पर अतिक्रमण को लेकर मंगलवार को नगर परिषद ने कार्रवाई की। इस दौरान दुकानदारों, शॉपिंग कांप्लेक्स संचालकों और सड़क किनारे खड़े होने वाले फड़ी संचालकों का सामान जब्त किया गया। इसके साथ ही एक जेनरेटर को भी जब्त किया गया। हालांकि संचालकों को जेनरेटर छत के ऊपर रखवाने की चेतावनी देते हुए बाद में छोड़ दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान नगर परिषद के सचिव राजेश कुमा साथ रहे। उन्होंने एक-एक दुकान पर जाकर अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी भी दी। इधर नगर परिषद की टीम को देखते ही दुकानदार सर्विस लेन पर फैले अपने सामान को समेटने में जुटे दिखाई दिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### प्रतियोगिता के पुरस्कार नहीं दिए जाने पर सौंपा मांगपत्र

**कुरुक्षेत्र।** राज्य मंत्री राजेश नागर के आदेश के बावजूद इनसाइट्स गीता चैलेंज वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता के पुरस्कार नहीं दिए जाने पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने पूर्व मंत्री सुभाष सुधा और जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती 2024 के अंतर्गत, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय एवं केडीबी कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में अक्टूबर 2024 में हृगीता इनसाइट्स चैलेंज/" वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता के विजेताओं को नवंबर 2024 में पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की गई थी।.किंतु 8 महीने बीत जाने के बाद भी अब तक विजेताओं को पुरस्कार नहीं दिए गए हैं।

## कार्य में लापरवाही बरतने वाले ग्राम सचिव को नोटिस जारी

# नहीं होने दिया जाए कोई भी अवैध कब्जा: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका


एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ग्राम सचिवों की बैठक को संबोधित करते।

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि ग्राम सचिव यदि ग्रामीण क्षेत्र में धरातल पर कार्य जिम्मेदारी से करेंगे तो वे गांव के विकास करके जिला, प्रदेश व देश के विकास में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने सभी ग्राम सचिवों को कहा कि वे हरियाणा पंचायती राज एक्ट 1994 के सेक्शन 15 में दर्शायी गई डयूटी को अवश्य पढ़े तथा उसी के अनुसार ही कार्य करें। कार्य में लापरवाही बरतने वाले अजीमगढ़ के ग्राम सचिव को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह मंगलवार को एसडीएम कार्यालय में खंड गुहला के सभी ग्राम सचिवों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्राम सचिवों की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह गांव में चल रहे विकास कार्यों व अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां प्रशासन के संज्ञान में लाएं। पंचायत के अकाउंट को अपडेट करना, ग्राम पंचायत रेजुलेशन, ग्राम सभा का आयोजन करवाना, ऑडिट पैरा की रिपोर्ट बीडीपीओ कार्यालय में जमा करवाना, कैशबुक अपडेट रखना आदि कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि गांवों में पंचायती भूमि पर कोई भी अवैध कब्जा न होने दें। यदि कहीं इस प्रकार की जानकारी मिलती है तो यह अपने उच्चाधिकारियों के संज्ञान में जरूर लाएं। यह जानकारी बीडीपीओ को भेजी जाए और बीडीपीओ सरपंच के माध्यम से अवैध कब्जे को हटाने कार्य किया जाएगा। यदि इसके बावजूद भी अवैध कब्जा नहीं हटाया जाता है तो संबंधित सरपंच के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है। ग्राम पंचायतों के रिसोर्स का गलत प्रयोग न हो। ग्राम सचिव प्रशासन के आंख व कान होते हैं, इसलिए सूचनाओं का आदान-प्रदान प्रो-एक्टिव तरीके से किया जाए। सभी अपनी डयूटी को ईमानदारी, जिम्मेदारी व कर्तव्य निष्ठा से निभाएं। बिना भेदभाव के कार्य करें। सरपंचों के दबाव में आकर कोई भी गलत कार्य न करें। कोई भी ग्राम सचिव अपने कार्य में लापरवाही नहीं बरतें। यदि लापरवाही का कोई मामला संज्ञान में आएगा तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कोई भी रिपोर्ट या जानकारी है वह लिखित रूप में भिजवाई जाए।